तापमान
अधिकतम 16.0 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 13 जनवरी 2024

10 शामियाना लगा व खाना भी था तैयार, नहीं पहुंची समिति



10 मटका रेस में कांता अव्वल, सुनीता द्वितीय



## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने दालमवाला होटल के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से पिस्तौल बरामद किया है। सिविल लाइन थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि दालमवाला होटल के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### स्विफ्ट गाड़ी चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** स्विफ्ट गाड़ी चोरी के मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट एएसआई प्रदीप की टीम ने आरोपी न्यू चिन्योट कालोनी रोहतक निवासी डिम्पल कपूर उर्फ हन्नी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि माडल टाऊन निवासी अंकुर मित्तल की शिकायत अनुसार 2 जनवरी की रात को उसने उसकी स्विफ्ट गाड़ी को घर के सामने खड़ी की थी।

### मकान का ताला तोड़कर लाखों का समान चुराया

**जींद।** अर्बन एस्टेट में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर नगदी समेत लाखों रुपये का सामान चोरी करने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अर्बन एस्टेट निवासी परमील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान किराये पर लिया हुआ है। मकान को दूसरा हिस्से दूसरे साथी ने लिया हुआ है।

### अपहरण के मामले में तीन आरोपित दबोचा

**कैथल।** एक व्यक्ति का अपहरण करके पैसे मांगने की मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस के एसआई जयभगवान की टीम द्वारा करते हुए बाबरपुर जिला पटियाला पंजाब निवासी राजेंद्र सिंह, हीरागढ़ जिला पटियाला पंजाब निवासी हरप्रीत व न्यायतपुर जिला पटियाला पंजाब निवासी जसपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

### छात्रा का यौन शोषण चार के खिलाफ केस

**जींद।** सदर थाना इलाका शिक्षण संस्थान में पीजी कर रही छात्रा को नशीला पदार्थ दे हिसार ले जाकर चार सहपाठियों द्वारा यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर मारपीट की और बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चार सहपाठियों के खिलाफ यौन शोषण समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### फैक्ट्री से सामान चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** थाना सिविल लाइन पुलिस के एचसी संदीप कुमार द्वारा एक 17 वर्षीय नाबालिग को पकड़ने के अतिरिक्त आरोपी रेलवे गेट निवासी अनिकेत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि खनौरी रोड़ कैथल निवासी परमजीत की शिकायत अनुसार उसकी शेरगढ़ रोड़ कैथल पर फैक्टरी स्थित है।

### खेत से ट्यूबवैल की बिजली की तार चोरी

**सफीदों।** उपमंडल के सिल्लाखेड़ी में खेतों से दर्जनभर किसानों के ट्यूबवैलों की बिजली केबल चोरी कर ली। पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में परमजीत ने कहा कि ट्यूबवैल पर सबमर्सीबल की मोटर डाली थी। जोकि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा 10 जनवरी की रात को बिजली की केबल चोरी कर ली गई।

### वसूली के लिए एक मुश्त व्यवस्थापन स्कीम शुरू

**जींद।** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त डा. अनिरूद्ध ने बताया कि हरियाणा आबकारी एवं कराधान विभाग की ओर से संस्थानों, व्यवसायियों में रह रही बकाया राशि की वसूली में तेजी लाने और कानूनी कार्रवाई कम करने के उद्देश्य से एक मुश्त व्यवस्थापन स्कीम नामक योजना लागू की है।

## खुशखबरी: रेल यात्रियों को महम-हांसी के लिए जींद से मिलेगी सीधी ट्रेन

### जींद वाया पानीपत से रोहतक जाने वाली ट्रेन का विस्तार किया, ट्रेन अब महम होकर हांसी जाएगी

■ यात्री कम किराये में महम और हांसी आ और जा सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेलवे यात्रियों के लिए खुशखबरी है। रेल यात्रियों को महम और हांसी जाने के लिए जींद से सीधी ट्रेन की सुविधा मिलने जा रही है। इसको लेकर रेलवे ने जींद वाया पानीपत से रोहतक जाने वाली ट्रेन का विस्तार किया है। यह ट्रेन अब महम होकर हांसी जाएगी। जिससे यात्री कम किराये में महम या हांसी आ व जा सकेंगे। जींद से सुबह चार बजकर 20 मिनट पर पानीपत जाने वाली




ट्रेन नंबर 04972 जींद-पानीपत-रोहतक जाने वाली गाड़ी रोहतक से हांसी के लिए सुबह नौ बजकर 45 मिनट पर हांसी के लिए चलेगी। इससे पहले महम और हांसी के लिए कोई ट्रेन की सुविधा नहीं थी लेकिन इस ट्रेन का विस्तार करने से यह सुविधा मिल गई है। 04972 नंबर ट्रेन जींद सुबह चार बजकर 20 मिनट पर चलकर छह बजकर 30 मिनट पर पानीपत पहुंच जाती है। इसके बाद यह ट्रेन गोहाना होते हुए नौ बजकर छह मिनट पर रोहतक पहुंच जाती है।

### पैसेंजर ट्रेन का विस्तार: जयप्रकाश

जींद रेलवे जंक्शन के अधीक्षक जयप्रकाश ने बताया कि उनके पास अभी अधिकारिक रूप से नोटिफिकेशन नहीं आया है। इस ट्रेन के महम और हांसी तक चलने से यात्रियों को बहुत फायदा पहुंचेगा। सुबह चार बजकर 20 मिनट पर जींद से वाया पानीपत होकर रोहतक जाने वाली पैसेंजर ट्रेन का हांसी तक विस्तार कि या गया है।

### सुबह 9. 45 पर होगी रोहतक से रवाना

04972 नंबर पैसेंजर ट्रेन सुबह नौ बजकर 45 मिनट पर रोहतक से रवाना होगी। यह ट्रेन रोहतक के बाद डोब भाली स्टेशन से नौ बजकर 55 मिनट पर चलेगी। इसके बाद मोखरा मदीना से दस बजकर नौ मिनट पर चलेगी। फिर यह ट्रेन दस बजकर 27 मिनट पर महम पहुंचेगी और यह ट्रेन एक मिनट के बाद महम से चलेगी। उसके बाद दस बजकर 38 मिनट पर मुंडाल कलां, दस बजकर 54 मिनट पर गढ़ी और 11 बज कर 20 मिनट पर हांसी पहुंचेगी। इसके बाद 12 बजे हांसी से रोहतक के लिए रवाना होगी। 12 बजकर 15 मिनट पर गढ़ी से रवाना होकर 12 बजकर 31 मुंडाल कलां पहुंचेगी। इसके बाद 12 बजकर 41 मिनट पर महम से शुरू होकर 13 बजे मोखरा मदीना और 13 बजकर 14 मिनट पर डोब भाली से चल कर 13 बजकर 40 मिनट पर रोहतक पहुंच जाएगी।

## बिजली निगम डिफाल्टर उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त

# 119 करोड़ रुपये पर 12585 उपभोक्ताओं ने मारी कुंडली

### तीन दिन का अल्टीमेटम, बिल नहीं भरा तो कटेगा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

दक्षिण हरियाणा बिजली निगम की जुलाना सब डिवीजन के 119 करोड़ रुपये 12585 उपभोक्ताओं की तरफ बकाया हैं। इस भारी भरकम राशि पर उपभोक्ता कुंडली मारे बैठे हुए हैं लेकिन अब बिजली निगम एक्शन मोड़ में नजर आ रहा है। बिजली निगम की जुलाना डिवीजन ने डिफाल्टर उपभोक्ताओं को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया हैं अगर तीन तीन के अंदर बकाया बिल नहीं भरा गया तो उनके कनैक्शन काटे जाएंगे।

इसी को लेकर शुक्रवार को जुलाना सब डिवीजन के उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार ने एरिया इंचाजोंर् की बैठक ली और सब डिवीजन कें तहत आने वाले गांवों में उपभोक्ताओं की तरफ खड़ी बकाया राशि पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं द्वारा समय पर बिल नहीं अदा करने के कारण निगम का लगभग 119 करोड़ रुपये उपभोक्ताओं की तरफ बकाया हैं। लेकिन उपभोक्ता बिल नहीं भर रहे हैं और नही प्रदेश सरकार की अंत्योदय फैमिली योजना के तहत बिल माफ करवा रहे है। ऐसे में अब उनके खिलाफ सख्ती से निपटने की आवश्यकता है। उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि जो भी उपभोक्ता बिल का बिल नहीं भर रहे हैं उनके खिलाफ एक्शन लेते हुए उनके मीटर उखाड़े जाएं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बिल निगम की बकाया राशि देनी ही होगी अन्यथा उनके कनैक्शन काटे जांएगे और बाद में अगर वे बिजली चोरी करते पाए गए तो उनके खिलाफ बिजली चोरी का केस बनाया जाएगा और यह बिजली चोरी के केस बिजली एवं सिंचाई थाना को भेजे जाएंगे ताकि बिजली चोरों से रिक्वरी करवाई जा सके। इसलिए उपभोक्ताओं को चाहिए कि वे बिजली बिल की बकाया राशि निगम को अदा करें और समय पर बिल भरना सुनिश्चित करें ताकि उपभोक्ताओं को बिजली की पर्याप्त सुविधा दी जा सके। इस मौके पर उनके साथ सुभाष चंद्र जेई, पवन कुमार जेई, मुदसर हुसैन, राजेश एएफएम, चांद एएफएम आदि मौजूद रहे।



**जुलाना।** उपभोक्ताओं की तरफ बकाया बिजली बिल की जानकारी देते उपमंडल अधिकारी अशोक कुमार। *फोटो :हरिभूमि*

### डिफाल्टर गांव

बिजली निगम के सबसे बड़े डिफाल्टर गांव में शामलो कलां, गतौली, जुलाना, मालवी, करसोला, पौली, देवरड़, खरेंटी, लजवाना कलां, बिरोली गांव डिफाल्टर लिस्ट में टॉप टेन में हैं। अभी तक 1250 उपभोक्ताओं ने अंत्योदय योजना का लाभ उठाया है। 3600 रुपये की एक किश्त में ही सारा बिल माफ किया जा रहा है। उसके लिए परिवार पहचान पत्र में आमदनी एक लाख से नीचे होनी चाहिए और एक साल में 1800 यूनिट से कम खर्च होनी चाहिए।

## पडाना के पास टायरो से तेल निकालने वाली फैक्ट्री पर सीएम फ्लाइंग की रेड

■ प्रदूषण विभाग की टीम ने फैक्टरी से हवा तथा पानी के भरे सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग तथा प्रदूषण विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को गांव पडाना के निकट लगी टायरों से तेल निकालने की फैक्टरी पर छापेमारी की। संचालक के पास प्रदूषण विभाग द्वारा जारी प्रमाण पत्र वैध पाया गया। प्रदूषण विभाग की टीम ने फैक्टरी से हवा तथा पानी के सैंपल लिए। जिन्हें जांच के लिए लैबोरेट्री भेज दिया गया। आगामी कार्रवाई प्रदूषण विभाग द्वारा अमल में लाई



जाएगी। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिला थी कि गांव पडाना के निकट बिना दस्तावेजों के टायरों से तेल निकालने की फैक्टरी चलाई जा रही है। जिससे वातावरण दूषित हो रहा है। जिसके आधार पर इंसपेक्टर राजदीप के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। जिसमें सब इंसपेक्टर चरण सिंह तथा प्रदूषण विभाग के वैज्ञानिक अनिल कुमार भी स्टाफ के साथ शामिल हुए। जब टीम ने वहा पर दस्तक दी तो फैक्टरी चल रही थी। टीम ने फैक्टरी संचालक से दस्तावेज मांगे तो उसके पास प्रदूषण विभाग द्वारा जारी वैध प्रमाण पत्र पाया गया। जिस पर प्रदूषण विभाग की टीम ने फैक्टरी से हवा तथा पानी के सैंपल भरे। जिन्हें जाच के लिए लैबोरेट्री भेज दिया गया। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार ने बताया कि फैक्टरी से प्रदूषण विभाग की टीम ने हवा तथा पानी के सैंपल भरे हैं। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद प्रदूषण विभाग आगामी कार्रवाई अमल मे लाएगा।



**राजौंद।** गुलियाना की बेटी अलीशा जागलान को सम्मानित करते ग्रामीण।

### गुलियाना की बेटी अलीशा ने वुशु में जीता गोल्ड

**राजौंद।** गांव गुलियाना की बेटी अलीशा जागलान ने वुशु में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीत कर अपने माता-पिता गांव जिले देश प्रदेश का नाम किया। ग्रामीणों द्वारा बिटिया का गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। जानकारी देते हुए मुकेश कुमार गुलियाना व कोच संदीप गोस्वामी ने बताया कि पानीपत में राष्ट्रीय स्तर पर डीएवी स्कूलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें सब जूनियर 33 किलो भार वर्ग व 14 वर्षीय आयु वर्ग में अलीशा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर गोल्डन मेडल जीतकर अपने माता-पिता गांव जिला देश प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि मधुबन डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य ने 21000 की नगद राशि देकर अलीशा जागलान को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि गांव में पहुंचने पर गांव के सरपंच सुखदेव व गणमान्य लोगों द्वारा अलीशा का नोटों व फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया।

### वेश्यावृति का भंडाफोड़ महिला समेत 3 पकड़े

**जींद।** शहर थाना नरवाना पुलिस ने ढाकल रोड पर कन्फेक्शनरी पर छापेमारी कर वेश्यावृति का भंडाफोड़ करते महिला समेत तीन लोगों का काबू किया है। नरवाना पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफ वेश्यावृति निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना नरवाना पुलिस को सूचना मिली थी कि ढाकल रोड कन्फेक्शनरी में बाहर से लड़कियां लाकर देह व्यापार करवाया जाता है। सूचना के आधार पर शहर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया। महिला पुलिसकर्मियो को भी शामिल किया । योजना के अनुसार कन्फेक्शनरी पर फर्जी ग्राहक बना कर भेजा । जिस पर फर्जी ग्राहक ने संचालक बलविंद्र तथा पवन से बातचीत की। रेट तय के बाद काउंटर पर महिला मिली। इशारा मिलते ही पुलिस ने छापेमारी कर काबू कर लिया। पुलिस ने बलविंद्र, पवन महिला के खिलाफ वेश्यावृति निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच पूछताछ शुरू कर दी है।



**गुहला-चीका ।** पार्षद दलबीर सीड़ा के खिलाफ नारेबाजी करते वार्डवासी।

### विकास कार्यों में अड़चन डालने का लगाया आरोप

**गुहला-चीका।** वार्ड 2 के सैकड़ों लोगों ने अपने ही वार्ड के मौजूदा पार्षद दलबीर सीड़ा के खिलाफ विकास कार्यों में अड़चन डालने के आरोप में नपा कार्यालय के बाहर रोष प्रदर्शन किया और सचिव को एक ज्ञापन सौंपकर मांग की कि वार्ड में पहले की ही भांति विकास कार्य जारी रहने चाहिए। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर पार्षद कुछ लोगों के साथ मिलकर राजनैतिक खुनस के चलते उनकी गलियों व अन्य विकास कार्यों को रुकवाना चाहते हैं। लोगों का यह भी आरोप था कि जब प्रशासकीय अधिकारियों ने पार्षद की शिकायत को तवज्जो नहीं दी और विकास कार्य जारी रखे तो पार्षद ने कोर्ट में याचिका दायर कर दबाव बनाने का प्रयास किया ताकि विकास कार्यों को रुकवाया जा सके। लोगों ने नपा सचिव से मांग की कि उनके वार्ड में पिछले लम्बे समय से गलियां व नालियां नहीं बन रही थी परंतु अब विकास कार्य शुरू हुए हैं, जो कि भविष्य में भी जारी रहने चाहिए। इस सम्बन्ध में जब नगरपालिका सचिव राजेश शर्मा का कहना है कि उक्त वार्ड में बहुत ही अच्छे ढंग से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

## उपायुक्त को सौंपा मांगपत्र

■ पब्लिक हेल्थ ग्रामीण जलकर्मी आर्गेनाइजेशन का रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले पब्लिक हेल्थ ग्रामीण जलकर्मी आर्गेनाइजेशन द्वारा अपनी मांगों को लेकर जिला उपायुक्त के माध्यम से महानिदेशक विकास एवं पंचायत विभाग चंडीगढ़ हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा। आज के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ग्रामीण जलकर्मी श्री पंजाब सिंह ने की व मंच का संचालन जिला सचिव ग्रामीण जलकर्मी श्री बलविंदर जी ने की इसी के तहत जिला कैथल के सभी ग्रामीण जलकर्मी हनुमान



**कैथल।** डीसी को ज्ञापन देने पहुंचे जलकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

वाटिका में सैकड़ो की संख्या मे इकट्ठे हुए। इस मौके पर जिला कार्यकारणी भारतीय मजदूर संघ कैथल की और से श्री सुरेन्द्र कुमार जी ने सभी साथियों को सम्बोधित किया व संगठन की रीति नीति के साथ साथ कर्मचारियो की समस्याओं पे विचार विमर्श किया गया । संजीव गुजर जी ने सभी साथियों की हौसला बढ़ाया। ज्ञापन में सरपंचो द्वारा चुनावी रंजिश के कारण जलकमीर्यो को हटाने के लिए बार-बार अनैतिक तरिको से दबाव बनाया जा रहा है। जलकर्मियों की हाजिरी ग्राम सचिव से सत्यापन की जाएं तथा जांच कमेटी मे युनियन के पदाधिकारी को शामिल किया जाए।

## पटवारियों ने हड़ताल को 16 तक बढ़ाया, नारेबाजी

■ दस दिन से हड़ताल पर हैं राजस्व विभाग के पटवारी तथा कानूनगो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

द पटवार एंड कानूनगो एसोसिएशन के आह्वान पर मांगों को लेकर दस दिन से हडतालरत राजस्व विभाग के पटवारियों तथा कानूनगो ने हडताल को 16 जनवरी तक बढा दिया है। जिसके चलते भूमि तथा राजस्व से जुड़े कार्यों के लिए आने वाले लोगों की परेशानी ओर बढ़ गई है। हड़ताल के दसवें दिन शुक्रवार को भी पटवारियों ने जिला पटवार भवन में धरना जारी रखा। इस दौरान पटवारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने चेताया की अगर सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो यह सांकेतिक हडताल अनिश्चित कालीन में तबदील हो जाएगी। भूमि समेत 75 से 'यादा सेवाएं पटवारी तथा कानूनगो जुड़ी हुई हैं। हडताल से सेवाएं प्रभावित हो गई हैं। लोग भूमि, रा'ास्व से जुडे काम को लेकर पटवार भवन पहुंच रहे हैं लेकिन पटवारियों की हडताल के चलते काम नही हो पा रहे हैं। रजिस्ट्रियां, इंतकाल, फर्द व अन्य दस्तावेज वेरिफाई, निशानदेही से संबंधित न लाने कितने कार्य है।

### सुबह धुंध तथा कोहरा छाने से वाहन चालक परेशान

# धूप निकलने के बाद भी नही मिली ठंड से राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ठंड का सितम लगातार जारी है। सुबह धुंध तथा कोहरा छाया रहा। हवा की गति तेज होने पर धुंध तथा कोहरा तो छंट गया लेकिन हालात शीत लहर जैसे हो गए। दोपहर बाद खिली धूप ने ठंड से कुछ राहत दी। लोगों का धूप का आनंद लेते देखा गया। आकाश में बादलवाई भी देखने को मिली। शुक्रवार का अधिकतम तापमान 14 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री दर्ज किया। मौसम में आद्रता 87 प्रतिशत तो हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को आकाश मे बादलवाई बनी रहेगी। तापमान में गिरावट आएगी। फिलहाल ठंड से राहत मिलने के कोई आसार नही है। शुक्रवार को दिन का आगाज कडाके की ठंड तथा धुंध तथा कोहरे के साथ हुआ। धुंध तथा कोहरा इतना ज्यादा था कि पांच मीटर दूरी का भी दिखाई नही दे रहा था। दिन चढ़ने के साथ हवा तेज हो गई। धुंध तथा कोहरा छंट गया लेकिन हालात शीत लहर जैसे हो गए। दोपहर बाद धूप खिल उठी और हवा कि गति भी कुछ कम हो गई। लोगों को गुनगुनी धूप का आनंद लेते देखा गया। हालांकि इस दौरान बादलवाई भी आकाश में देखने का मिली। बावजूद इसके ठंड से कंपकपी दिनभर छुटती रही। फिलहाल ठंड से राहत के कोई आसार नही हैं। हालांकि पिछले तीन दिन से दिन मे धूप निकल रही है।



**जींद।** खेतों में खिली सरसों की फसल। *फोटो :हरिभूमि*

### ठंड से राहत के आसार नहीं

पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि फिलहाल ठड से राहत मिलने के कोई आसार नही है। मौसम परिवर्तनशील तथा शुष्क बना रहेगा। इस दौरान बादलवाई भी बनी रहेगी। फसलों में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर कृषि विशेषज्ञो से सपर्क करें।



**जींद।** अवैध निर्माण पर पीला पंजा चलाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### अवैध कालोनियों पर प्रशासन ने चलाया पीला पंजा

**जींद।** जिला नगर योजनाकार विभाग ने नरवाना में अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कालोनियों पर पीला पंजा चलाया। यहां टीम ने सात बाउंड्री वाल और तीन कच्चे रास्ते तोड़े। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर डीटीपी अमित मंढोलिया और भारी पुलिसबल तैनात रहा। अब 18 और 19 को जींद में अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया जाएगा और 31 जनवरी को फिर से नरवाना में अवैध निर्माण गिराने की कार्रवाई होगी। जिला नगर योजनाकार विभाग को शिकायत मिली थी कि हिसार रोड पर विकसित की गई अवैध कॉलोनी को लेकर कालोनाइजर को नोटिस जारी किया गया था लेकिन नोटिस के बावजूद भी कालोनाइजर न निर्माण कार्य नहीं रोका और न ही अवैध निर्माण को हटाया। इस पर जिला नगर योजनाकार विभाग का अमला जेसीबी के साथ पहुंचा और यहां अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी में बनी प्लाटों की नींव, बाउंड्री वाल तोड़ी गई। एक-एक कर सात बाऊंड्री वाल को जेसीबी की सहायता से उखाड़ा गया।

**खबर संक्षेप**

### मांगों को लेकर मंथन करेंगे पूर्व कर्मी आज

**जींद।** रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी वेलफेयर एसो.के प्रधान किताब सिंह भनवाला ने बताया कि संगठन की मासिक बैठक शनिवार को जाट धर्मशाला में होगी। सभी ब्लॉक इकाइयों के प्रधान, महासचिव व कोषाध्यक्ष भाग लेंगे। मासिक बैठक का मुख्य एजेंडा 11 जनवरी को 'वायंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी की करनाल में बैठक के बारे में जानकारी दी जाएगी।

### घर-घर कांग्रेस अभियान का शुभारंभ पंद्रह को

**उचाना।** प्रदेश में 15 जनवरी से घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुआत होने जा रही है। इसका मकसद हर घर और हर वोटर तक कांग्रेस की नीतियों और सरकार की नाकामियों को पहुंचना है। यह जानकारी कांग्रेस नेता स्वामी आदित्यवेश ने देते हुए कहा कि हर घर कांग्रेस अभियान के जरिए वोटर्स से वन टू वन संवाद स्थापित किया जाएगा। कार्यकर्ता जनता को बताएंगे कि कैसे कांग्रेस वादे निभाने के लिए जानी जाती है।

### महिला से अश्लील हरकत, केस दर्ज

**जींद।** महिला से अश्लील हरकत करने तथा फब्तियां कसने पर महिला थाना पुलिस ने फाइनेंस कंपनी के चार कर्मियों पर अश्लील हरकत करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश मणिपुर फाइनेंस कंपनी में गई हुई थी। आरोपितों ने उसके साथ अश्लील हरकत की।

### मिशन बुनियाद एवं सुपर 100 कार्यक्रम आयोजित

**जींद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यायल में खंड स्तरीय मिशन बुनियाद एवं सुपर 100 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में एसडीएम डा. पंकज कुमार ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि मिशन बुनियाद एवं सुपर 100 जैसे कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा में निखार लाना तथा नीट, जेईई जैसे कोसोंर् में एडमिशन के लिए मुफ्त सुविधाएं मुहैया करवाई जाती हैं।

### अपने कर्मो से जरूर डरो : साध्वी लब्धि

**उचाना।** एसबीआई बैंक उचाना के पास स्थित सतपाल गोयल के निवास पर विराजमान साध्वी लब्धि प्रभा ठाणे-3 ने कहा कि आज फोन का जमाना है। व्यापार, लेन-देन सब फोन पर हो जाता है। सुख-दुख के सारे संदेश फोन पर लिए जा रहे है। जिस तरह फोन पर बातें करते है उससे कुछ बातों का पता चलता है उसी प्रकार जिणवानी के द्वारा नया-नया ज्ञान प्राप्त होता है।

### बच्चों ने उठाया लाइफ स्किल डिवलप्मेंट शिविर का आनंद

**सफीदों।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करसिंधू में पांच दिवसीय लाईफ स्किल डेवलपमेंट कैंप का समापन हो गया। हरियाणा शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा पांच दिवसीय लाईफ स्किल डेवलपमेंट कैम्प का आयोजन किया गया था जिसमें किशोरी वयस्क छात्रों को उनकी रुचि अनुसार कौशल विकास के लिए अनेकों कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### रक्तदान करना पुण्य का काम : डा पंकज यादव

**जुलाना।** जुलाना लंगरघर में जुलाना युवा बारहा खाप द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जींद के एसडीएम डा पंकज यादव ने शिरकत की। शिविर में 72 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए डा. पंकज यादव ने कहा रक्तदान करना एक पुण्य का काम है।

### धूमधाम से मनाया लोहड़ी का त्योहार

**सफीदों।** नगर के एंजल्स पैराडाइज स्कूल में आयोजित दस दिवसीय शीतकालीन शिविर के दौरान लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता सुभाष ढिगाना व विशिष्टातिथि समाजसेवी पवन जांगड़ा ने शिरकत की।

## विधानसभा की आश्वासन समिति का मुआना का ऐन टाइम पर दौरा रद

# शामियाना लगा व खाना भी था तैयार, नहीं पहुंची समिति

### चार वर्ष पहले मुआना को महाग्राम योजना में शामिल किया गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

मुख्यमंत्री महाग्राम योजना में शामिल सफीदों हलके के सबसे बड़े गांव मुआना का हरियाणा विधानसभा की आश्वासन समिति शुक्रवार को होने वाला दौरा ऐन टाइम पर रद हो गया। यह दौरा क्यों रद्द हुआ, इसका कोई सपष्ट कारण सामने नहीं आया है। सबसे अहम बात यह है कि इस दौरे को लेकर सफीदों के विश्राम गृह में व्यापक तैयारियां की गई थी लेकिन सभी की सभी तैयारियों उस वक्त धरी की धरी रह गई जब टीम का दौरा रद्द होने की सूचना यहां पर पहुंची। गौरतलब है कि चार वर्ष पहले मुआना गांव को महाग्राम योजना में शामिल किया गया था। इस योजना के तहत इस गांव को भी शहरों जैसी ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर प्लांट, सीवर व पानी की पाइप लाइन जैसी सुविधाएं दी जानी थी। सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट के लिए साढ़े 14 करोड़ व वाटर सप्लाई के लिए 12 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे लेकिन मुआना गांव के 4 साल पहले विकास कायोंर् के टेंडर हो चुके थे और आज तक भी उनका काम पूरा नहीं हो पाया है जिसके चलते विधानसभा की आश्वासन समिति के चेयरमैन विधायक भारत भूषण बत्रा के साथ सफीदों के विधायक सुभाष गांगोली, विधायक बलबीर बाल्मिकी, विधायक इंदुराज नरवाल, विधायक आफताब अहमद, विधायक अमरजीत ढांडा, विधायक दुडा राम, विधायक महिपाल ढांडा, विधायक सीताराम यादव व विधायक राजेंद्र सिंह जून को गांव मुआना का दौरा करना था। इसके अलावा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहने थे। इस दौरे से पूर्व सफीदों के रैस्ट हाऊस में एक विशेष बैठक भी होनी थी। इस दौरे व बैठक को लेकर सफीदों प्रशासन काफी हरकत में था। प्रशासन की ओर से नगर के रैस्ट हाऊस में विशेष तैयारियों के तहत बड़ा शामियाना व खाने पीने का भी इंतजाम किया हुआ था लेकिन करीब 11 बजे प्रशासन के पास सूचना पहुंची कि विधानसभा की कमेटी आज दौरे के लिए नहीं पहुंच रही है। उसके बाद सारे इंतजाम धरे के धरे रह गए। इस मामले में सफीदों के विधायक सुभाष गांगोली ने बताया कि उन्हे भी सुबह ही इस दौरे के रद होने की सूचना मिली।





**सफीदों।** समिति के दौरे के लिए लगाए गए खाने के स्टाल व विधायकों के बैठने के लिए लगाए गए सौफे।



**जींद।** विश्राम गृह में लगाया गया शामियाना।

# पांच दिवसीय लाइफ स्किल डिवलप्मेंट कैंप का समाप्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



जींद। शिविर में चार्ट बनाना सीखते हुए बच्चे।

उपमंडल के गांव सिंघाना स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पांच दिवसीय लाईफ स्कील डैवलोपमेंट शिविर का समापन हो गया। कैंप की अध्यक्षता प्राचार्य जगमिंद्र सिंह ने की। शिविर में बच्चों को अचार, कपड़े पर पेंटिंग, कागज के गुलदस्ते व चार्ट बनाना सिखाया गया। प्राचार्य जगमिंद्र सिंह ने कहा कि जीवन कौशल विकास कार्यक्रम का मकसद बच्चों को सफलताओं और असफलताओं के साथ जीवन को संभालना सिखाना होता है। इन कार्यक्रमों में बच्चों को प्रतिस्पर्धी दुनिया में टिके रहने में मदद मिलती है और वे हुनरमंद बनते हैं। जीवन कौशल विकास शिविरों में किशोरों को उनकी उम्र और भूमिकाओं के बारे में जानकारी दी गई और उन्हे व्यर्थ की चीजों से नई चीजें बनाना सिखाया गया। इस मौके पर निशा, सुरेश, सुनीता, सतीश शर्मा, मंजू, सुमन मौजूद रही।

## युवा स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत बनाए: डा. अहलावत

हरिभूमि न्यू ▶▶| जींद

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद इकाई द्वारा शुक्रवार को सुप्रीम स्कूल में स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती पर विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्यातिथि के तौर पर महेश सिंघल व विशेष अतिथि के तौर पर डा. विनय अहलावत ने शिरक्त की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीराम अत्री ने की व कार्यक्रम संयोजक परमिंदर सैनी ने मंच संचालन किया। इसमें विशेष अतिथि ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर अपने विचार रखे। डा. विनय अहलावत ने कहा की स्वामी विवेकानंद के विचार सभी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। चाहे वे भारत के हो या किसी अन्य देश के। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया था कि अपने शरीर को फौलाद सा बना लो, खूब मेहनत करो, दरिद्र मत बने रहो। प्रत्येक कर्म पवित्र है, जो कर्म हमारे हाथ में है, उसे सुचारु रुप से पूर्ण करने पर हमारी शक्ति बढ़ती है। युवा ही स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत बना सकते हैं। महेश सिंघल ने कहा कि विवेकानंद का संधि विग्रह होता है विवेक के साथ आनंद। हमें भी अपना जीवन ऐसे ही जीना चाहिए।

### हिंदू कन्या कालेज में व्याख्यान का आयोजन

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय की आचार संहिता और पेशेवर नैतिकता समिति तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान से ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्या की अध्यक्षता में किया गया। जिसका विषय पेशेवर नैतिकता एवं आचार संहिता रहा। व्याख्यान की मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम की वाणि'य विभाग की सहायक प्रो. डा. कौशल कुमारी रही। उन्होंने विस्तारपूर्वक पेशेवर नैतिकता एवं आचार संहिता पर प्रकाश डाला और बताया कि महाविद्यालय में इसकी हमें क्यों आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता कर्मचारियों को महाविद्यालय में उनकी भूमिका से संबंधित नैतिक जोखिम के क्षेत्र पर केंद्रित करती है।

## जनविरोधी नीतियों से लोग दुःखी: महावीर

- हर घर कांग्रेस कार्यक्रम को लेकर 13 को जुटेंगे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव महावीर कंप्यूटर ने कहा कि 15 जनवरी सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस के कार्यक्रम का आगाज करेंगे। इस कार्यक्रम की रुपरेखा बनाने व कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां सौंपने के लिए 13 जनवरी को पीडल्ब्यूडी विश्राम गृह में पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक आनंद सिंह डांगी कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। महावीर कंप्यूटर ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा हरियाणा प्रदेश के सबसे बेहतर मुख्यमंत्री साबित हैं। उन्होंने अपने शासनकाल में अनेक कल्याणकारी योजनाएं, हरियाणा प्रदेश को हर क्षेत्र में नंबर एक बनाने का कार्य किया था। किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी वर्ग को नई-नई राहतें देकर उनको लाभ पहुंचाने का कार्य किया था। प्रदेश में नई-नई योजनाएं जैसे बिजली के अनेक कारखाने तथा शिक्षा क्षेत्र में अनेक कॉलेज व विश्वविद्यालय बनाने का कार्य किया था। कृषि क्षेत्र में अनेक योजनाएं तथा किसानों के बिजली के बिल व कर्जे माफ करने का ऐतिहासिक कार्य किया था तथा साढे. चार लाख गरीबों को 100-100 वर्ग गज के मुफ्त प्लाट देने का कार्य किया था। कहा कि आज प्रदेश की जनता वर्तमान मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जनविरोधी नीतियों से दुखी है।



**जींद।** कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते महावीर कंप्यूटर। *फोटो :हरिभूमि*

### आपसी भाई-चारा बनाकर रखने का लिया संकल्प

**जींद।** फर्नीचर एसोसिएशन का मिलन समारोह निजी होटल में धूमधाम से आयोजित किया गया। इस समारोह में एसोसिएशन के दुकानदारों के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्यों ने भी भाग लिया। इस समारोह में उपस्थित सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे आपसी भाई चारा बना कर रखेगे व एक-दूसरे के सुख-दुख में काम आएंगे और जितना संभव हो सकेगा समाज की भलाई में काम करेगे। समारोह में फर्नीचर एसोसिएशन ने संरक्षक राजकुमार गोयल, प्रधान संजय गर्ग, पूर्व प्रधान राकेश सिंघल सहित अनय सदस्य मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत इतनी शक्ति हमें देना दाता की प्रार्थना के साथ शुरू हुई। उसके बाद फर्नीचर एसोसिएशन के सदस्यों ने अपनी अपनी सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां दी। अध्यक्ष संजय गर्ग व उनकी टीम द्वारा गत वर्ष का लेखा जोखा पेश किया गया। समारोह के अंत में प्रधान संजय गर्ग व उसकी टीम द्वारा उनका कार्यकाल पूरा होने पर इस्तीफा दिया गया। नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए संरक्षक राजकुमार गोयल को नियुक्त किया गया। सहयोगी के तौर पर पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंगला को जिम्मेदारी दी गई।

# बच्चों को फॉर्म भरने सिखाए

- भौंगरा में छात्राओं के लिए जीवन कौशल शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भौंगरा में आयोजित पांच दिवसीय जीवन कौशल शिविर में रिसोर्स पर्सन कटिंग टेलरिंग अनुदेशिका रेखा रानी ने छात्राओं को बताया कि योग से आती है हमारे कर्मों में कुशलता और हम बन जाते हैं आत्मनिर्भर। शिविर के कॉ-ऑर्डिनेटर मा. रामप्रसाद ने बताया कि खंड संसाधन समन्वयक उचाना के सौजन्य से शीतकालीन अवकाश के दौरान कक्षा 9 से 12 की छात्राओं में उनके कौशल के विकास के लिए पांच दिवसीय जीवन कौशल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन यह कैंप चार घंटे चलता है। प्रत्येक घंटे अलग-अलग विषय विशेषज्ञ छात्राओं में उनके कौशल का विकास कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के काउंसलर राजेंद्र श्योकंद किशोरावस्था में बदलाव, हमारे खाने-पीने की आदतें, प्राथमिक चिकित्सा उपचार इत्यादि विषय पर छात्राओं को प्रेरित कर रहे हैं। अंग्रेजी विषय की विशेषज्ञ अमित कुमारी भाषा की जटिलता को समझा रही है। इसी प्रकार बैंक विशेषज्ञ एवं बैंक मित्र मुकेश रानी ने सेविंग और बैंकिंग विषय तथा सभी प्रकार के फॉर्म भरने बच्चों को सिखाए। द्यिालय प्रभारी गुलशन कुमार, कैंप इंचार्ज सुनीता देवी, प्रवीण कुमार, बंसीलाल, मंदीप आदि मौजूद रहे।



**उचाना।** भौंगरा स्कूल में चल रहा जीवन कौशल कैंप। *फोटो :हरिभूमि*

## राम जन्मभूमि मंदिर उत्सव के उपलक्ष में डीएवी में होगा कार्यक्रम : डा. विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज. जींद

रामजन्म भूमि मंदिर उत्सव के उपलक्ष में 22 जनवरी को डीएवी पब्लिक स्कूल में पांच हजार छात्रों द्वारा सवा लाख सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन होगा। हरियाणा योग एसोसिएशन के चेयरमैन डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि हरियाणा योग आयोग के तत्वावधान में इस आयोजन में डीएवी पब्लिक स्कूल, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जींद सभी व्यायाम शालाएं, योग संस्थाएं तथा आयुष विभाग सहित अनेक स्कूल, आर्य युवा समाज, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, धर्म संस्थानम और अनेक संस्थाएं भाग लेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डा. जयदीप आर्य करेंगे। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सभी सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं तथा शिक्षण संस्थानों के अतिरिक्त सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को भी आमंत्रित किया है। क्योंकि श्रीराम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है तथा पूजनीय हैं।

इसलिए यह सभी का कार्यक्रम है। इसे सार्वजनिक रूप देने के लिए जींद की सभी संस्थाओं और व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है।



# तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र

- संरपचों द्वारा चुनावी रंजिश के कारण जलकर्मियों को हटाने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ग्रामीण ट्यूबवेल ऑपरेटर भारतीय मजदूर संघ ने शुक्रवार को मांगों को लेकर तहसीलदार रविंद्र हुड्डा को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान प्रवीण कुमार ने कहा कि संरपचों द्वारा चुनावी रंजिश के कारण जलकर्मियों को हटाने के लिए बार-बार अनैतिक तरीकों से दबाव बनाया जा रह है। जलकर्मियों की हाजिरी ग्राम सचिव से सत्यापन की जाए तथा जांच कमेटी में यूनियन के पदाधिकारी को शामिल किया जाए। ग्रामीण जलकर्मी का रोजगार सुरक्षित किया जाए और ईपीएफ व ईएसआई लागू करवाया जाए। आठ घंटे डयूटी टयूब्बैल पर की जाए व कार्य विभाग द्वारा करवाया जाए। सभी प्रकार के मंटेनेंस का कार्य पब्लिक हैल्थ को दिया जाए। जलकर्मियों का मिनिमम वेज 26 हजार रुपये किया जाए। किसी भी कर्मचारियों को हटाया नहीं जाए। जिन जलकर्मियों का वेतन सरपंचों द्वारा रूकवाया हुआ है, उसे तुरंत प्रभाव से जारी किया जाए। डयूटी के दौरान मृतक कर्मचारियों के परिवारों को बिना शतार्ं के रोजगार दिया जाए तथा सरकार की हिदायतों के अनुसार तीन लाख की सहायता राशि प्रदान की जाए। सात अप्रैल 2020 से अगस्त 2023 तक कई बार मिनिमम वेज में बढ़ोत्तरी हुई है, उन कर्मचारियो का बकाया एरियर दिया जाए।



**जींद।** तहसीलदार को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



**जींद।** महर्षि विद्या मंदिर में महर्षि योगी का जन्मदिन मनाते हुए स्कूल स्टाफ।

### महर्षि योगी के दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान

**जींद।** महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में महर्षि ज्ञान युग दिवस महोत्सव के तहत महर्षि महेश योगी का जन्मोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम गुरु परम्परा के अनुसार गुरु पूजन किया गया तत्पश्चात सामूहिक भावातीत ध्यान का आयोजन किया गया। विद्यालय के दसवीं कक्षा के विद्यार्थी तथा अध्यापक मौजूद थे। सभी ने अपनी-अपनी प्रस्तुति देते हुए महर्षि महेश योगी के प्रति अपने भाव प्रस्तुत किए। बच्चों व स्टाफ सदस्यों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति कविता, भाषण व उनके आदशार्े को बताते हुए प्रस्तुत की। अध्यापिका रेखा ने बताया कि महर्षि महेश योगी ने राम नाम की मुद्रा यानी एक, पांच और दस रुपये के नोटों में चलाई थी। जिसे बाद में नीदरलैंड सरकार ने कानूनी मान्यता दे दी थी और अमेरिका की महर्षि वैदिक सिटी में राम मुद्रा प्रचलन शुरू हो गया था। अध्यापिका ममता ने भयावह स्थिति से निपटने का सीधा रास्ता भावातीत ध्यान है जिसके द्वारा हम इस कठिन परिस्थिति से निजात पा सकते हैं। अध्यापिका सुदेश ने मेरा कोई ना सहारा तेरे बिना, गुरु देव सावंरिया मेरे भजन द्वारा अपने भाव प्रस्तुत किए। इसके साथ-साथ दसवीं कक्षा की छात्रा कीर्ति व हर्षिता ने दोहे व सातवीं कक्षा की छात्रा पलक ने भजन द्वारा अपने भाव प्रकट किए।

### नवदीप स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# मटका रेस में कांता अव्वल, सुनीता द्वितीय

हरिभूमि न्यूज. नरवाना

कस्बे के नवदीप स्टेडियम में महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से एक दिवसीय ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में एसडीएम अनिल कुमार दून ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विभिन्न टीमों को हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी रामरती द्वारा की । दिवसीय खेल प्रतियोगिता में महिलाओं की 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, मटका रेस, आलू चम्मच रेस, 5 किलोमीटर साइकिल रेस को शामिल किया गया। जिसमें ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों के द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया। एसडीएम अनिल कुमार ने ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते कहा कि महिलाएं आज के दिन प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी है ग्रामीण क्षेत्र को युवाओं विशेष कर लड़कियों और महिलाओं को इस प्रकार की प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिएं। खेलकूद प्रतियोगिता में मटका रेस में कान्ता ने प्रथत स्थान, सुनीता ने द्वीतीय स्थान व गुड्डी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रेस में नीतू ने प्रथम स्थान, नीतू ने द्वीतीय स्थान व अनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आलू चम्मच रेस में शीला ने प्रथम स्थान, कमलेश ने द्वीतीय स्थान व शीला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रेस में सोनी ने प्रथम स्थान, शीला ने द्वितीय व मीना ने तृतीय स्थान पाया।





**जींद।** हरि झंडी दिखाकर शुभांरभ करते व प्रतिभागी महिलाओं को सम्बोधित करते एसडीएम अनिल कुमार। *फोटो :हरिभूमि*



**जुलाना।** वार्ड 10 में कार्यक्रम में भाग लेते भाजपा कार्यकर्ता। *फोटो :हरिभूमि*

### बाइस को मनाएंगे दीपावली की तरह उत्सवः तायल

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के वार्ड नंबर 10 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल्या ने की व मुख्यतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डा. पुष्पा तायल ने शिरकत की। लोगों को संबोधित करते हुए डा. पुष्पा तायल ने कहा कि आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में होने जा रही है। राम मंदिर का मुद्दा पिछले 500 वषोंर् से विवादित था जिसे भाजपा पार्टी ने सुलझा दिया व 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। सभी इस दिन को दीपावली की तरह मनाए व अपने घरों में दिए जलाएं। इस दिन को इतिहास के पन्नों पर सुनहरी अक्षरों में लिखा जाएगा। भाजपा नेता सत्यवान खटकड़ ने कहा कि सभी इस दिन को त्योहार की तरह मनाएं और अपने आस पास सभी को इस त्योहार के दिन दीपक जलाने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर संदीप रोहिला, धर्मवीर, प्रदीप, सरोज, कविता, पिंकी, सत्यवती, बिमला, राजेश, सकीना आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### सरपंच राणा ने एनएसएस शिविर का किया शुभारंभ

**ढांड** । पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, फरल में आज राष्ट्रीय सेवा योजना का एक विशेष पैक सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ गांव की सरपंच ट्विंकल राणा एंव सरपंच प्रतिनिधि साहब सिंह के द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर प्रधाानाचार्य महेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य ही दूसरों की सेवा करना है। स्वंय सेवकों को समाज में सेवा-भाव पैदा करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोगों तक यह संदेश पहुंचाया जा सके।

### ऑनलाइन मॉड में मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**कैथल**। अर्थशास्त्र विभाग, यूथ रेड क्रॉस एवं महिला सेल के सहयोग से राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम ऑनलाइन मोड में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूरज वालिया ने सभी का स्वागत करते हुए की। दो मुख्य वक्ता थे कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल और सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ बिहार से डॉ. अंबिकिसेह त्रिपाठी। डॉ. संजय गोयल स्वामी विवेकानन्द की शिक्षाओं के माध्यम से छात्रों को प्रेरित करते हैं। वह उनके जीवन का रेखांकन चित्रित करता है।

### सामाजिक गतिविधियों में भी भाग लेते हैं वॉलंटियर्स

**ढांड**। शहीद विकास भारद्वाज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोट-बन्दराना में चल रहे एनएसएस शिविर के दौरान बच्चों को एनएसएस के उद्देश्य, योजनाओं व क्रिया-कलापो के बारे में अवगत करवाया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्राध्यापक संजय कुमार ने वॉलिंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि 5 दिसंबर को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय वालंटियर दिवस मनाया जाता है और गांधी जयंती के शताब्दी पर राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को समाजसेवा और देशसेवा से जोड़ना रहा।

### लाइफ स्किल डेवलपमेंट शिविर का समापन

**राजौंद**। राजकीय उच्च विद्यालय किच्छाना में लाइफ स्किल डेवलपमेंट शिविर का समापन समारोह के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह शिविर पिछले 5 दिनों से विद्यालय में चल रहा था। जिसमें कक्षा 6 से आठवीं की 50 छात्राओं ने भाग लिया। शिविर के दौरान इन पांच दिनों में बच्चों को विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। जिसमें बातचीत करने के तौर तरीके, बैंक व डाकघर में लेनदेन, ललित कला आदि के बारे में जानकारी दी गई।

### सचिन बने जजपा युवा जिला प्रधान महासचिव

**कैथल**। जननायक जनता पार्टी के युवा प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी को जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान, युवा प्रदेश प्रभारी सुनील राणा रोड, जिला के प्रधान रणदीप कौल से विचार विमर्श करके युवा जिला प्रधान जयवीर ढांडा और युवा प्रदेश महासचिव दर्पण मित्तल ने सयुंक्त रूप से सूची जारी की।

## फरीदाबाद की टीम ने किया कैथल के खेतों का दौरा

# गेहूं की फसल में पीला रतुआ रोग ने उड़ाई कृषि विज्ञानियों की नींद

सर्वेक्षण के दौरान खेतों में अभी पीला रतुआ रोग के लक्षण नहीं दिखाई दिए, तापमान कम होने के कारण बीमारी का बना अंदेशा


**कैथल**। फरीदाबाद से पहुंचे कृषि विज्ञानी गेहूं की जांच करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गेहूं की फसल में पीला रतुआ के रोग ने उड़ाई कृषि विज्ञानियों की नींद हराम कर दी है। हालांकि अभी तक इस बीमारी ने कैथल में दस्तक नहीं दी है लेकिन इसके बावजूद कृषि विज्ञानियों ने अपने लंगर-लंगोट कस लिए हैं। बीमारी की जांच को लेकर शुक्रवार को फरीदाबाद से पहुंची कृषि विज्ञानियों की टीम ने कैथल के खेतों का दौरा कर गेहूं की फसल को जांचा।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. बलवंत सहारण ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कैथल एवं आरसीआईपीएम फरीदाबाद की टीम ने डॉ. लक्ष्मीचंद वनस्पति संरक्षण अधिकारी एवं डॉ. सूरज बरनवाल, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, डॉ. कुलदीप सिंह, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी एवं डॉ. बलवान सिंह, बीएओ, डॉ. बलबीर सिंह, एडीओ ने किसानों के साथ गेहूं में पीले रतुआ का निरीक्षण किया। सर्वेक्षण के दौरान खेतों में अभी पीला रतुआ रोग के लक्षण अभी नहीं दिखाई दिए हैं।

सहारण ने कहा कि खेतों में पीला रतुआ रोग के लक्षण दिखाई दें तो घबराएं नहीं, बल्कि उसके सावधान रहते हुए उपाय करें। उन्होंने किसानों को हिदायत दी कि गेहूं एक मुख्य फसल है, लेकिन इस फसल में यदि पीले रतुआ का प्रकोप हो जाता है, तो फसल को काफी नुकसान पहुंचता है। इस रोग के लिए 8-13 डिग्री सेल्सियस तापमान बीजाणु जमाव व पौधों को संक्रमण के लिए चाहिए। जबकि 12 से 15 डिग्री सेल्सियस तापमान पर यह रोग पूरे क्षेत्र फैल जाता है। वातावरण का तापमान 23 डिग्री सेल्सियस पहुंचने पर इस रोग का फैलाव रूक जाता है।

पीला रतुआ गेहूं में एक फफूंद के द्वारा फैलता है जिसकी वजह से पत्तियों पर धारियों में पीले रंग के छोटे छोटे धब्बे कतारों में बन जाते हैं। कभी-कभी यह धब्बे पत्तियों व डंठलों पर भी पाए जाते हैं। इन पत्तियों को हाथ से छूने सफेद कपड़े व नैपकिन इत्यादि से छूने पर पीले रंग का पाऊडर लग जाता है। यदि यह रोग फसल में कल्ले निकलने की अवस्था में या इससे पहले आ जाए तो फसल में भारी हानी होती है।

**बीमारी का ऐसे करें उपचार**

डॉ. कुसुम लता, तकनीकी सहायक, कैथल ने गेहूं में पीला रतुआ की रोकथाम के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता से अधिक सिंचाई न करें व नाईट्रोजन खाद का कम प्रयोग करें। मिट्टी जांच के उपरान्त संतुलित खाद डालें। फसल पर इस रोग के लक्षण दिखाई देने पर दवाई का छिडकाव करे। यह स्थिति अक्सर जनवरी के अंत या फरवरी के शुरू में आती है। इससे पहले यदि रोग का प्रकोप दिखाई दे तो छिडकाव तुरन्त करें। छिडकाव के लिए प्रोपीकोनेजोल 25 ईसी या टैबूकोनेजोल 25.9 ईसी या ट्रियाडिफेमान 25 डब्ल्यूपी (बैलीटोन) का 0.1 प्रतिशत की दर से घोल बना कर छिडकाव करें। इसके लिए 1.0 मि.ली. दवा 1.0 लीटर पानी में यानि 200 मि.ली. दवा 200 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ छिडकाव करें। छिडकाव के लिए पानी व दवा की मात्रा उचित रखें व छिडकाव सही ढंग से करें ताकि दवा पौधों के निचले तथा ऊपरी भागों में अच्छे ढंग से पहुंच जाए।

**पत्तियों का सिर्फ पीला होना पीला रतुआ रोग नहीं**

उन्होंने कहा कि पत्तियों को सिर्फ पीला होना इस इस रोग के लक्षण नहीं है बल्कि पत्तियों को छूने पर हल्दी जैसा पीला रंग इस रोग की मुख्य पहचान है शुरू की अवस्था में यह रोग खेत में 10-15 पौधों पर एक गोल दायरे के रूप में शुरू होता है तथा पूरा खेत इस रोग से भर जाता है। यह रोग छाया, नमी वाले क्षेत्रों में व उन खेतों में ज्यादा आता है जहां नत्रजन खाद का ज्यादा व पोटाश का बिल्कुल भी प्रयोग ना किया गया हो।


**कैथल**। भाजपा नेता सुरेश गर्ग नौच लाभार्थियों को चेक वितरित करते हुए।

## जरूरतमंदों को योजनाओं का मिल रहा लाभ : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

महाराजा सूरजमल जाट स्टेडियम और चंदाना गेट स्थित सैनी धर्मशाला में शहरी क्षेत्र के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां पर नागरिकों ने यात्रा का जोरदार का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉले लगाई गई तथा सरकारी स्कीमों की जानकारी के साथ-साथ पात्र व्यक्तियों को मौके पर योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा था। उपस्थित नागरिकों ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई गई।

महाराजा सूरजमल जाट स्टेडियम और चंदाना गेट स्थित सैनी धर्मशाला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में सुरेश गर्ग नौच ने शिरकत की। विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों के अवलोन उपरांत पात्र व्यञ्चितयों को योजानाओं का लाभ भी दिया गया। सरकार द्वारा वंचित पात्र व्यञ्चितयों के हितों को ध्यान में रखते हुए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। कार्यक्रमों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत किसान, मजदूर, गरीब व्यञ्चितयों, विद्यार्थी तथा बच्चों से लेकर वृद्धजन के लिए वृद्धावस्था पैशन का लाभ जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ जागरूकता वैन के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्में भी दिखाई गई। आयुष्मान लाभार्थियों को मौके पर ही लाभ देने के साथ-साथ प्रधानमंत्री उज्जवला योजाना के तहत भी मुफ्त गैस सिलेंडर एवं गैस चूल्हे वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जहां एक तरफ महिलाओं को सही पोषण, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, बच्चों के स्वास्थ्य बारे, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी देने के साथ-साथ छोटे बच्चों का वजन मापा और सही पोषण की जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा हैल्थ कैंप आयोजित करके कार्यक्रमों में पहुंचने वालों की स्वास्थ्य जांच भी की गई। इन कार्यक्रमों मे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत शंकर, मिथिलेश और अनिता को लाभ दिया गया।

## लोगों को नशे के प्रति किया जागरूक

- पुलिस ने गांव खरंका और कैथल में चलाया जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल**। नशा न करने बारे जागरूक करते पुलिस कर्मचारी ।

पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत शुक्रवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार व चालक संजय दत्त की टीम द्वारा गांव खरकां में तथा कैथल में विकसित भारत संकल्प यात्रा दौरान आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक किया गया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा लगातार आमजन को अवगत करवाया जा रहा है कि नशा किसी भी व्यक्ति के लिए किसी प्रकार से हितकारी नहीं हो सकता।

नशा करने वाले व्यक्ति को समाज हीनता की दृष्टि से देखता है। इसलिए किसी को किसी प्रकार के नशे की लत में नहीं पड़ना चाहिए। विद्यार्थी वर्ग को पढाई व खेलों में ध्यान लगाकर मेहनत करके राष्ट्र निर्माण में योगदान करना चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा नशा करना वाले व्यक्तियों की भी काउंसलिंग करवाई जा रही है। पुलिस द्वारा उनका नशे छुड़वाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### सरकार से आढ़त और मजदूरी देने की मांग

**पाई**। पाई अनाज मंडी के आढ़तियों ने बासमती खरीद एजेंसी हैफेड से उनकी आढ़त, मजदूरों की मजदूरी तथा दलाली देने की मांग की है। आढती रणधीर, रामकुमार, ईश्वर, सत्यनारायण आदि ने बताया कि हैफेड के द्वारा मंडी से किसानों की बासमती धान की प्राईवेट खरीद की थी। इस अदायगी भी जिस प्रकार से प्राईवेट खरीददार करते है, उसी प्रकार से कि जानी थी, परन्तु हैफेड के द्वारा किसानों की धान की कीमत की ही अदायगी की गई। इस खरीद एजेंसी के द्वारा आढ़तियों को उनकी आढत, मजदूरों की मजदूरी तथा दलाली बिल के साथ नही की गई। उन्होंने बताया कि यह खरीद प्राईवेट की गई थी और इसकी अदायगी भी धान की कीमत और उन पर लगने वाले खर्चे समेत ही करनी थी।

## विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लें छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल**। डॉ. मनोज कुमार भांभू विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए ।

डॉ.भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय कैथल में आज राष्ट्रीय सेवा योजना और जनसंचार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार भांभू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और पूरी लगन और निष्ठा से अपना कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समाज के विकास लिए भी कार्य करना चाहिए।

राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. मोनिका जाखड़ ने कहा कि जिस प्रकार स्वामी विवेकानंद ने विश्व स्तर पर भारत को एक समृद्ध और ज्ञान के क्षेत्र में पहचान दिलाई इस प्रकार विद्यार्थियों को भी कठिन परिश्रम से अपने महाविद्यालय तथा अपने राष्ट्र का नाम रोशन करना चाहिए। इस अवसर पर जनसंचार विभाग के अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का होना बहुत आवश्यक है। इसीलिए सभी विद्यार्थियों को समय पर विद्यालय आना चाहिए और अपनी कक्षाएं नियमित रूप से लगानी चाहिए तभी वह एक अनुशासित विद्यार्थी बन पाएंगे।


**कैथल**। राजौद में जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित करते हुए।

### जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया

**राजौंद**। नगर के वार्ड नबर 6 में जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया गया। शाह सतनाम ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग के सेवादारों ने भलाई के कार्य करते हुए गुरुवार को राजौंद के वार्ड नंबर 6 में जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया। जानकारी देते हुए रामभज, सुखदेव, संतोष, फूलपति, राजपति,राजेश, लख्मी, बीरा राम ने बताया कि वार्ड नंबर 6 में दो जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया है। इन्होंने बताया कि डेरा सच्चा सौदा की साध संगत लगातार 161 मानवता भलाई के कार्य कर रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए जहां बुधवार को बट्ठो पर गर्म कपड़े वितरित किए गए, वहीं राजौंद में शुक्रवार को जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि यह बलाई के कार्य लगातार भविष्य में भी आगे चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा व उसकी मदद करना सबसे पुण्य का कार्य है।

## गांव सैर में अक्षत कलश का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल**। गांव सैर पहुंचने पर अक्षत कलश का स्वागत करते ग्रामीण।

अयोध्या से पूजित अक्षत कलश का सीवन प्रखंड के गांव सैर में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस पूजित अक्षत कलश को गांव के श्री दुर्गा माता मन्दिर में स्थापित किया गया। गांव में पूजित अक्षत कलश के पहुंचने पर ग्रामीणों में खुशी का माहौल था। ग्रामीणों ने कलश का भव्य स्वागत किया। इससे पूर्व इस अक्षत कलश के साथ पूरे गांव में शोभा यात्रा निकाली गई जिसका गांव के लोगों ने कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यह जानकारी देते हुए सीवन खंड के पालक व विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजेश आर्य सीवन ने बताया कि भगवान श्री राम की नगरी से पूजित अक्षत कलश प्रत्येक गांव में पहुंच रहे हैं और राम भक्त अब प्रत्येक घर में दस्तक देंगे और सभी को पूजित अक्षत देकर उन्हें निमंत्रण देंगे। अब अयोध्या से आए हुए यह पीले चावल शिव मंदिर से निमंत्रण के रूप में हर घर तक पहुंचाए जाएंगे ताकि प्रत्येक घर इस गौरव को प्राप्त कर सके। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता बंटी फर्शमाजरा ने बताया कि प्रखंड सीवन के प्रत्येक गांव में यह पूजित अक्षत कलश पहुंच रहे हैं और इन्हें गांवों के मन्दिरों में स्थापित किया जा रहा है। यहीं से यह पीले चावल निमंत्रण के रूप में प्रत्येक घर में पहुंचाये जाएंगे।


**कैथल**। शोक सभा में उपस्थित ग्रामीण व संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधि।

### अंबेडकर सभा प्रधान संदीप भुक्कल की कमी समाज को सदैव खलती रहेगी : डा. संधू

**कलायत**। अंबेडकर सभा के प्रधान संदीप भुक्कल की याद में कलायत के गांव खरक पाण्डवा स्थित अम्बेडकर भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जिलेभर से पहुंचे गणमान्य लोगों ने स्व. संदीप भुक्कल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर डा. के.के संधू, वरिष्ठ पत्रकार एवं किसान नेता रतनमान, बिशपाल राणा, कदम सिंह, संदीप रोहिला, सुनील कुमार, डा. मदन परमार, कुलदीप परमान, सुबे सिंह मोर, डी.पी सहारण व भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह सहारण व जिला महासचिव सुरेन्द्र सिंह चौसाला सहित भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने दिवंगत संदीप भुक्कल को याद करते हुए कहा कि संदीप भुक्कल हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहते थे और सामाजिक कार्यों से समाज के लोगों की आवाज उठाते रहते थे। उनकी कमी हमेशा परिवार के साथ-साथ समाज को भी खलती रहेगी।


**कैथल**। स्वामी विवेकानंद जयंती मनाते जाट कॉलेज के पदाधिकारी ।

### राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई विवेकानंद जयंती

**कैथला**। जाट कॉलेज कैथल में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को पूरे हर्ष के साथ मनाया। इस कार्यक्रम का आयोजन जाट कॉलेज के सभागार में किया गया। मंच का संचालन प्रोफेसर लाभ सिंह चौहान ने किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार ढिल्लों ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं ने भी स्वामी विवेकानंद जी को याद करते हुए उनके प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए। प्राचार्य डॉक्टर दिनेश कुमार ढिल्लो ने अपने व्याख्यान में बोलते हुए स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर एवं कार्यशैली पर विस्तार पूर्वक बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी महान व्यक्तित्व के धनी महापुरुष थे उन्होंने देश, समाज एवं धर्म के प्रचार एवं प्रचार के लिए कार्य किया। प्राचार्य महोदय ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर के जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर डॉ कर्मवीर , प्रो राजपाल , प्रो अजीत सिंह, डॉक्टर राजेश बनवाला, प्रो अजय सिंह, प्रो विकास नैन आदि मौजूद रहे।

## कैथल आईटीआई में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

# स्वामी विवेकानंद की शिक्षा को जीवन में उतारें युवा : उपासना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


**कैथल**। एसपी उपासना को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते आयोजक।


**कैथल**। एसपी उपासना व अन्य एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित करते हुए।

नेहरू युवा केंद्र कैथल के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पुलिस विभाग, राजकीय आई.टी.आई की एनसीसी, स्वास्थ्य विभाग एवं विभिन्न महिला मंडलों के सहयोग से राजकीय आई.टी.आई. कैथल में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक उपासना, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएमओ कैथल डॉ रेनू चावला एवं प्रिंसिपल राजकीय आई.टी.आई. सतीश मछाल ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी दीक्षा मिश्रा ने की तथा मंच का संचालन कंप्यूटर अनुदेशिका मीनाक्षी द्वारा किया गया। ट्रैफिक पुलिस से आए सब-इंस्पेक्टर रमेश कुमार द्वारा सडक सुरक्षा नियम, हेल्थ विभाग से आए डॉ गौरव पुनिया द्वारा कन्या भ्रूणहत्या की रोकथाम, राजकीय आई.टी.आई. से ग्रुप इंस्ट्रक्टर रणधीर सिंह द्वारा कौशल विकास व नारी सशक्तिकरण आदि विषयों पर युवाओं को सम्बोधित किया। इसके अलावा एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट जोगेंद्र सिंह ने शहीद भगत सिंह की कविता सुनाकर देशभक्ति का जोश भरने का काम किया। एसपी उपासना ने कहा कि हमें अपना लक्ष्य तय करके उसे पाने के लिए पूरी जी जान लगा देनी चाहिए। उन्होंने युवा वर्ग को स्वामी विवेकानंद की शिक्षा पर चलने का आह्वान किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कार्यक्रम में अधीक्षक सोहन लाल, आरएएस अधिकारी लक्षित जैन, राजेश कुमार, धीरज कुमार, शमशेर मालिक, पीआई स्टाफ, लव शर्मा, प्रदीप, मंगल, नरेश कुमार, वालंटियर काजल, रीना, दिनेश, गौरव, सुशिल, राकेश, कमलेश, कविता, पिंकी, पूनम , मीनू आदि महिला मंडल सदस्य मौजूद रहे। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक उपासना ने एनसीसी के विद्यार्थियों को हरी झंडी देकर रवाना किया। एसपी ने एनसीसी कैडेटस तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले युवाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का किया आयोजन

**उचाना।** राजकीय मॉडल संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना कलां में स्वामी विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया। आंगनवाड़ी वार्ड नंबर 7, 12 ये सामूहिक नमस्कार में हिस्सा लिया। आंगनवाड़ी वर्कर सुमित्रा, गीता, सुरेश हेल्पर के अलावा बच्चे एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### सीआईए ने 95 लीटर लाहन सहित एक पकड़ा

**नरवाना।** नरवाना सीआईए इंचार्ज सुखदेव सिंह की टीम ने अवैध शराब तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए गुप्त सूचना पर गाँव बेलरखा से एक आरोपी को अवैध लाहन सहित काबू कर लिया। तालाशी लेने पर आरोपी के कब्जा से 95 लीटर लाहन बरामद हुआ है और आरोपी की पहचान जगदीप उर्फ दीपू वासी बेलरखा के रूप में हुई। सीआईए पुलिस ने जगदीप के खिलाफ थाना सदर नरवाना में आबाकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### स्वागत समारोह को लेकर सौंपी ड्यूटियां

**पूंडरी।** भाजपा महिला जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी डुलयानी ने 21 जनवरी को अनाज मंडी पूंडरी में भाजपा नेताओं के स्वागत समारोह की सफलता को लेकर अनेक गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों को इस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी व शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, बिप्लब देव प्रदेश प्रभारी राज्यमंत्री कमलेश ढांडा, केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर सहित प्रदेश के अनेक मंत्री व 20 विधायक भाग लेंगे।

### नपा राजौंद में युवाओं को दिया प्रशिक्षण

**राजौंद।** नगर पालिका मीटिंग हाल में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्योग की तरफ से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के निदेशक धर्मेंद्र कथुरिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

### विद्यालय के प्रांगण में मनाया जाएगाा गणतंत्र दिवस

**गुहला-चीका।** गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास से मनाने के लिए शुक्रवार को तहसीलदार अनिल बिढ़ान की अध्यक्षता में श्री गुरु गोबिन्द सिंह राजकीय बहुतकनीकी संस्थान चीका में उपमंडल स्तर के अधिकारियों की बैठक ली गई। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चीका के प्रांगण में मनाया जायेगा। इसके लिए भी संबंधित अधिकारी अपनी तैयारियां पूरी रखें।

### ड्यूटी के अलावा अन्य कार्य लेने पर रोष

**जींद।** नागरिक अस्पताल में कार्यरत नसिंर्ग ऑफिसर ने उनकी मूल ड्यूटी के अलावा अन्य कार्य में ड्यूटी लगाने को लेकर रोष व्यक्त किया है। नसिंर्ग ऑफिसर का कहना है कि उनकी मूल ड्यूटी अस्पताल में दाखिल मरीज की देखभाल करना है लेकिन उनसे रजिस्ट्रेशन से लेकर कंप्यूटर में डाटा फीड करने का कार्य भी करवाया जाता है, जोकि गलत है। नसिंर्ग ऑफिसर ने कहा कि यदि उनकी ड्यूटी दूसरे कायोंर् से नहीं हटाई गई तो वह आंदोलन करने पर मजबूर होंगी।

## नागदेव पार्क में दुष्यंत ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया

# डिप्टी सीएम ने उचाना हलके के लोगों की वर्षों पुरानी मांग की पूरी

**खास बातें**

- 3137 लाख खर्च कर पीडब्ल्यूडी बढाएंगे लितानी रोड की चौड़ाई : दुष्यंत चौटाला
- घोघड़िया में देर रात तक कार्यकर्ताओं के बीच रहे डिप्टी सीएम
- 3500 लाख के करीब की परियोजनाओं की दी सौगात




जींद। विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटनए शिलान्यास करते हुए डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

गांव घोघड़िया गांव के नागदेव पार्क में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा शुक्रवार को विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन, शिलान्यास किया गया। यहां डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उचाना से लितानी तक सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी। इसके निर्माण कार्य को लेकर शिलान्यास किया गया है। उचाना कलां, उचाना खुर्द, काकड़ोद, नचारखेड़ा, दुर्जनपुर, उदयपुर के अलावा लितानी गांव के ग्रामीणों, वाहन चालकों को इसका फायदा होगा। सात जुलाई 2025 तक ये कार्य पूरा होगा। पीडब्ल्यूडी द्वारा 3137 लाख रुपये की राशि इस पर खर्च की जाएगी। डिप्टी सीएम ने घोघड़िया से कसूहन के रास्ते बड़ौदा तक जाने वाली सड़क जिसके निर्माण पर 280 लाख रुपये खर्च हुए का उद्घाटन किया। घोघड़िया गांव के घोघड़िया-नगूरां रोड से नागदेव मंदिर तक 49 लाख से बने पक्के रास्ते, घोघड़िया में 30 लाख से बने नॉलेज सेंटर का उद्घाटन डिप्टी सीएम ने किया। डिप्टी सीएम ने दावा किया कि देश की आजादी के बाद जितनी सड़कों का निर्माण उचाना में हमारी सरकार के सवा चार साल में हुआ है, उतना आज तक नहीं हुआ है। सवा चार साल में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग कामों पर एक हजार करोड़ रुपये के आस.पास की राशि खर्च की गई है। उचाना विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सुबह हिसार, जींद के बाद कलायत वो गए। कुछ थकावट लगातार मीटिंग के चलते हो जाती है लेकिन उचाना अपनों के बीच आकर सारी थकावट दूर हो जाती है। अपनों के बीच आकर जो दिल को सुकुन मिलता है वो कहीं नहीं मिलता है।

**अपनों के बीच मिलता है दिल को सुकून**

*डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला इस सर्दी के मौसम में घोघड़िया गांव में करीब छह घंटे तक रहे। 30 से अधिक कार्यकर्ताओं, सामूहिक रूप से विभिन्न समाज के लोगों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। किसी भी कार्यक्रम में बुजुर्ग दिखाई देने पर डिप्टी सीएम खुद अपने पास बुला कर उनके द्वारा जो समस्या बताई गई उसका समाधान करने के निर्देश अधिकारियों को देते नजर आए। बुजुगोंर् ने कहा कि ताऊ देवीलाल की याद दुष्यंत चौटाला ने ताजा कर दी है। जिस तरह ताऊ देवीलाल जन.जन के प्रिय थे ऐसे ही आज दुष्यंत चौटाला जन-जन के प्रिय हो रहे है। डिप्टी सीएम होने के बाद भी आम व्यक्ति की तरह वो हर किसी से मिल रहे हैं।*

**पूर्व केंद्रीय मंत्री परिवार पर दुष्यंत का तंज**

**उचाना।** उचाना हलके में पहुंचे डिप्टी सीएम दुष्यत चौटाला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह का नाम लिए बिना कहा कि पार्टी छोड़ने की तारीख पर तारीख दे रहे हैं। दामिनी फिल्म के सन्नी देओल के डायलॉग का जिक्र करते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि फिल्मों में सन्नी देओल देते थे तारीख पर तारीख लेकिन अब उचाना में ये लोग दे रहे हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का देश से संपूर्ण पतन हो जाएगा। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला शुक्रवार शाम को उचाना के गांव घोघड़ियां में पहुंचे थे।

**देवीलाल की बात को दिलाया याद**

कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों के बीच पहुंचे दुष्यंत चौटाला ने अपने पड़दादा ताऊ देवीलाल की बात का जिक्र करते हुए कहा कि चौधरी देवीलाल कहते थे कि हवा बनाओए हवा बनने के बाद राज अपने आप बन जाता है। इसलिए कार्यकर्ता अपने मकानों पर जेजेपी पार्टी का झंडा लगाने के साथ-साथ पार्टी का जो बैंड है वो हाथ में पहनेए जिस पार्टी के पदाधिकारीए कार्यकर्ता के पास गाड़ी है वो गाड़ी पर पार्टी की झंडी जरूर लगाएं ताकि अधिक से अधिक संगठन का प्रचार हो सकें।

**कार्यकर्ताओं को नाम से बुलाया**

*राजनीति में याददाश्त की पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला की दाद हर कोई देता है वो अपने कार्यकर्ताओं को नाम से बुलाते है। अपने दादा की तरह ही दुष्यंत चौटाला भी अपने कार्यकर्ताओं को नाम लेकर बुलाते नजर आए। इस मौके पर प्रो. जगदीश सिहाग, काला नंबरदार, दिनेश चेयरमैन, अनिल शर्मा, रणधीर बूरा, वीरेंद्र कौशिक, राजू, वीरेंद्र बूरा, कृष्ण फौजी, मंदीप, भूप खटकड़, सत्यनारायण सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।*



कलायत। जेजेपी के मीडिया कोऑर्डिनेटर दीप कमल सहारण के आवास पर पहुंचे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला। फोटो :हरिभूमि

### जेजेपी के मीडिया कोऑर्डिनेटर दीप कमल सहारण के आवास पर पहुंचे डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला

*कलायत। मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने शुक्रवार को कलायत अनाज मंडी में एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ जजपा विधायक, पदाधिकारियों व कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। वे जेजेपी के मीडिया कोऑर्डिनेटर दीप कमल सहारण के आवास पर उनके पुत्र अबीर सहारण के दसूठन कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। डिप्टी सीएम के साथ जजपा प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह, राज्यमंत्री अनूप धानक, जुलाना विधायक अमरजीत ढांडा, कैथल जिला परिषद के चेयरमैन दीप मलिक, जजपा कोटे से हरियाणा के विभिन्न विभागों में नियुक्त राज्य के चेयरमैन, पूर्व सैशन जज दीवान सिंह, रिटायर्ड आयुक्त जगदीप सिंह, मा.राय सिंह, सुमित राणा, ऋषिपाल सहारण, मा.विकास सहारण, जिला अध्यक्ष रणदीप कौल, पूंडरी से पार्टी प्रत्याशी रहे राजू पाई, प्रदीप कादियान, बिजेंद्र सहारण और अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे। भले ही उन्होंने मीडिया से कोई बात न की हो लेकिन चौटाला 2024 के चुनाव की आहट के साथ कलायत में राजनैतिक सरगर्मी को हवा जरूर दे गए।*

### उपमुख्यमंत्री ने बूथ योद्धाओं को सौंपी आगामी चुनाव की जिम्मेदारी

**जींद।** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जिले के सभी बूथ योद्धाओं की बैठक लेकर उनको चुनाव जीतने टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अब भीड़ दिखाने के साथ तकनीक से काम कर हर बूथ पर खुद को मजबूत करने का समय है। पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने आप को मजबूत दिखाने के लिए नहीं बल्कि बूथ को मजबूत करके दिखाए। प्रत्येक गांव में पार्टी की सरकार में हिस्सेदारी होने के बाद करोड़ों रुपये के ग्रांट विकास कायोंर् के लिए पहुंचाए हैं लेकिन इनका मतदाताओं को पता होना चाहिए। इसके लिए काम करने की जरूरत है। उपमुख्यमंत्री ने जिले के लगभग 1200 बूथ योद्धाओं की बैठक सफीदों रोड स्थित निजी होटल में ली। इसमें उन्होंने आगामी लोकसभा व विधानसभा के चुनाव से पहले हर बूथ पर वोटरों की जानकारीए कौन वोटर किस पक्ष का है। इसकी जानकारी और पार्टी के विकास कायोंर् को हर मतदाता तक पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी में कार्यकर्ता वषोंर् से काम कर रहे हैंए यह उनकी ताकत का राज है। इसके बावजूद अब जमाना तकनीकी का आया है। हमें तकनीकी के तौर पर मजबूत होने के लिए अब काम करने की जरूरत है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को बूथ योद्धाओं के साथ मिलकर गांव व शहर के प्रत्येक बूथ के वोटर तक पहुंचना होगा। उनको पार्टी की नीतियों व पार्टी द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी देकर अपने पक्ष में करने की जरूरत है।

## सैक्टर नौ में मकान का टूटा ताला पौने चार लाख की नगदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सैक्टर नौ में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर लगभग पौने चार लाख रुपये की नगदी तथा घरेलू सामान को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर मामले की जांच कर रही है। सैक्टर नौ निवासी आकाश ने पुलिस का दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश एक सप्ताह से परिवार के साथ दिल्ली गया हुआ था। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर लगभग पौने चार लाख रुपये की नगदी, एलईडी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। हालांकि घर मे सीसी टीवी कैमरे लगाए हुए हैं। चोरो ने कैमरों को घुमा कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जिसके चलते चोर कैमरों में कैद नहीं हुए। चोरी की घटना का शुक्रवार को उस समय पता चला जब वह परिवार समेत घर लौटा। मकान में सामान अस्त-व्यस्त पडा हुआ था। अलमारी का ताला टूटा हुआ था ओर नगदी गायब थी। इसके इलावा घरेलू सामान भी गायब था।

## युवा महासम्मलेन के लिए युवा हुए रवाना

- स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत : राजू मोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर के साथ युवा। फोटो :हरिभूमि

स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में आयोजित युवा महासम्मलेन में भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग जींद से पहुंचे। महासम्मेलन में जाने से पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजू मोर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

उनके बताए विचारों को अपनाकर जीवन को सरल और सफल बनाएं। इसलिए स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का पूरा जीवन ही सीख देने वाला है।

अमेरिका के शिकागो में धर्म संसद का आयोजन हुआ थाए जिसमें हिंदी में भाषण देकर स्वामी विवेकानंद ने भारतीयों का गौरव बढ़ाया था। युवाओं को आगे बढ़ने के 'यादा से 'यादा अवसर कैसे मिलेंए इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल लगातार काम कर हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ऐसी व्यवस्था बनाईए जिससे प्रदेश में युवाओं को बिना खर्ची और पर्ची के नौकरियां मिल रही हैं। पहले की सरकारों में नौकरियों में भाई, भतीजावाद और खर्ची-पर्ची चलती थी। ये परंपरा खत्म होने से गरीब का बच्चा भी मेहनत करके बड़े से बड़े पद पर जा सकता है। आज विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। वे खुद एक.दूसरे की टांग खिंचाई में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ पूरा विपक्ष इकट्ठा हो गया है। इसके बावजूद वो कामयाब नहीं हो पाएंगे और लगातार तीसरी बार पहले से 'यादा लोकसभा की सीट जीतकर मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनेगी। हरियाणा में भी लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनाएगी।

### दनौदा कलां गांव की लम्बे समय की मांग होगी पूरी

**नरवाना।** दनौदा कलां गांव में नाथू पत्ती, हासा पत्ती, सिंगरा पत्ती, मांडू पत्ती, खोटड़ पत्ती, दफरा पत्ती, मोहल्ला सहित गांव के 75 प्रतिशत इलाके की वषोंर् पुरानी जलघर की मांग थी। जिसकों अब मंजूरी मिल गई है और इसके लिए लगभग 4 करोड रूपए का टेंडर लग चुका है टेंडर के खुलते ही जलघर के निर्माण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। विधायक रामनिवास सुरजाखेडा ने बताया कि उनके द्वारा हर हल्के के हर गांव तक शुद्व पेयजल की आपूर्ति किए जाने के लिए प्रयास जारी है विधायक ने कहा कि गांव दनौदा कला जिसकी आबादी लगभग 25 हजार है गांव की अधिकतम आबादी की वषोंर् पुरानी शुद्ध पेयजल की समस्या थी जिसे मुख्यमंत्री के प्रयासों से मंजूरी मिली है।

## श्रीराम काज करिबे को आतुर महिला शक्ति

- हिला शक्ति ने वितरित किए पूजित अक्षत व पत्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



जींद। पूजित अक्षत व पत्रक वितरित करती हुईं महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति के तत्वावधान में महिला शक्ति ने नगर के पुरानी अनाज मंडी, कुम्हारान मौहल्ला व खादी आश्रम वाली गली में घर-घर जाकर श्री अयोध्या धाम से पहुंचे पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर के चित्र व पत्रकों का वितरण किया गया। टीम में शामिल बबीता मित्तल, निशा तायल, सोनिया मंगला, स्वाति मंगला, कमलेश गोयल, श्वेता गोयल व आशु जिंदल समेत अनेक महिलाओं ने घर-घर जाकर पूजित अक्षत व पत्रक वितरित करके 22 जनवरी को सफीदों के विभिन्न मंदिरों में होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने का भी निमंत्रण दिया। अपने संबोधन में महिलाओं ने कहा कि श्री अयोध्या धाम में प्राण प्रतिष्ठा का यह कार्यक्रम भारतीय स्वाभिमान एवं सर्वशक्ति संपन्न राम रा'य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस हेतु 22 जनवरी को ऐतिहासिक नगरी सफीदों को राममय बनाने का हम सबकों संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि युगपुरुष श्रीराम सामाजिक समरसता के पर्याय है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम भारतीय राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं। राम जन्मभूमि को पुनः पाने के लिए कई पीढ़ियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, आज उसी का परिणाम है कि यह संकल्प 22 जनवरी को पूरा होने जा रहा है।

### लाल बहादूर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा, आरसी एवं रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वधान में हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा दिवस एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि की स्मृति में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यार्थियों को ज्ञान विज्ञान, बल बुद्धि, विद्या, कौशल, विकास, आत्मनिर्भर, स्वाभिमानी एवं भारतीय संस्कृति के श्रेष्ठ जीवन मूल्यों से अवगत कराया गया। प्राचार्य डॉक्टर मीनू सिंह ने कहा कि चरित्रवान गुणवानशीलवान, सहनशील, नैतिक, मर्यादित, समर्पित, त्यागी, तपस्वी, पुरुषार्थी, प्रबुद्ध एवं कृतज्ञ युवा शक्ति राष्ट्र की बहू आयामी सवांर्गीण की उन्नति का आधार है।

## नैक की रिपोर्ट में जुटा विवि प्रशासन

- वीसी ने ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते सीएसआरयू वीसी डॉण रणपाल सिंह।

नैक एक्रीडिटेशन हेतु सेल्फ स्टडी रिपोर्ट तैयार करने के लिए सीआरएसयू में वीसी डा. रणपाल सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

इसमें विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर लवलीन मोहन, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ निदेशक प्रोफेसर एसके सिन्हा, सभी डीन्स, शाखा प्रमुख, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक और लिपिक आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ निदेशक प्रोफेसर एसके सिन्हा ने नैक की तैयारी हेतु विश्वविद्यालय की सभी शाखाओं और विभागों की विगत पांच वषोंर् की गतिविधियों की जानकारी एकत्रित करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर वीसी ने सभी शाखा प्रमुखों, डीन्स आदि को निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी मिलकर पिछले पांच वषोंर् के आंकड़े एकत्रित करके अति शीघ्र आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ को भेजें। उन्होंने इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने और समयबद्धता का ध्यान रखने को कहा।

### सोलर वाटर पंप के लिए आवेदन हेतु 16 तक अवसर

**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एंव उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) के तहत नवीन एंव नवीकरणीय उर्जा विभाग हरियाणा द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए 70 हजार सौलर वाटर पंप का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। एडीसी ने कहा कि विभाग के पास 63 हजार 680 के 3 एचपी से 10 एचपी क्षमता के सोलर वाटर पंप के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमे से 39 हजार 679 लंबित आवेदको, जो अपना लाभार्थी हिस्सा जमा करवाने से वंचित रह गए थे, उनकी सूचि विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। उनको अपना लाभार्थी हिस्सा जमा करवाने का दोबारा अवसर दिया जा रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### युवा जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त ने करें तब तक न रुकें : फूल कुमार

**राजौंद।** ज्योति ग्रामीण विकास मंडल द्वारा राजौंद में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता फूल कुमार कादयान ने युवाओं को युवा दिवस का महत्व बताया और युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर युवाओं का दायित्व बनता है कि युवा जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त ने करें तब तक न रुकें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण तभी संभव है जब युवा एकाग्र होकर लक्ष्य के साथ नशा मुक्ति, पर्यावरण, श्रम दान, जागरूकता जल संरक्षण, पर्यावरण, स्वच्छता, महिला विकास, शिक्षा जानकारी,

**धटना** दोनों जोहड़ों में नहीं है कोई रिटर्निंग वाल, पहले भी कई बार हो चुके हैं कई हादसे

## खेड़ा खेमावती के जोहड़ में गिरा ट्रक

- दो जोहड़ों के बीच से गुजरता है सफीदों-असंध मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



सफीदों। गांव खेड़ा खेमावती के जोहड़ में गिरा हुआ ट्रक। फोटो :हरिभूमि

गांव खेड़ा खेमावती में देर रात एक ट्रक सड़क के साथ लगते जोहढ़ में जा गिरा। गनीमत तो यह रही कि ट्रक चालक को समय रहते बचा लिया गया। बताया जाता है कि यह ट्रक सफीदों से असंध की ओर जा रहा था और रात के अंधेरे व धुंध में उसे यह सड़क के साथ लगते जोहड़ में जा गिरा। गौरतलब कि इस रोड़ के दोनों ओर बड़े-बड़े जोहड़ हैं लेकिन इनकी कोई बाऊंड्री वॉल नहीं है। एक ट्रक सफीदों से असंध की ओर जा रहा था कि खेड़ा खेमावती गांव में दो जोहड़ों के बीच से गुजर रहे संकरे मार्ग से गुजरने लगा तो रात के अंधेरे व धुंध के कारण उसे जोहड़ दिखाई नहीं दिया और ट्रक का टायर सड़क के नीचे थोड़ा उतरा ही था कि पलभर में पूरा ट्रक जोहड़ में गिरकर पलट गया।

### शासन व प्रशासन को कोई ध्यान नहीं

*गांव खेड़ा खेमावती के दोनों ओर विशाल जोहड़ बने हुए है। करीब सात हजार की आबादी वाले इस गांव की अधिकतर निकासी इन्ही दोनों जोहड़ों के भरोसे पर है। इन दोनों जोहड़ों के बीच से पानीपन-असंध हाईवें गुजरता है और हजारों वाहन इस मार्ग से होकर हर रोज रामभरोस निकलते हैं। दिन में तो ये जोहड दिखाई दे जाते हैं लेकिन रात के अंधेरे में तो जोहड़ व सड़क एक समान दिखाई देने लग जाते है, जिसके कारण वाहन चालक हादसों का शिकार होते हैं। हर दिन कोई ना कोई हादसा यहां पर घटित होता रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन व प्रशासन इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस जोहड में जंगली घास उगी हुई है और ना ही कोई रिटर्निंग वाल है। हर रोज यहां कोई ना*